राजस्व खुफिया निदेशालय ने सोने की तस्करी करने वाले प्रमुख सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया; एक अखिल भारतीय ऑपरेशन 'राइजिंग सन' में 40 करोड़ की कीमत के 61 किलो से अधिक के सोने को जब्त किया

प्रविष्टि तिथि: 13 MAR 2024 9:34PM by PIB Delhi

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 12 और 13 मार्च 2024 को 'राइजिंग सन' नामक अपने ऑपरेशन कोड में लगभग 40 करोड़ रुपये के विदेशी मूल के सोने की तस्करी में शामिल एक बड़े सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया।

चार राज्यों में सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध और समन्वित ऑपरेशन के परिणामस्वरूप गुवाहाटी, बारपेटा, दरभंगा, गोरखपुर और अररिया में 19 वाहनों, नकदी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ भारी मात्रा में तस्करी का सोना जब्त किया गया। जब्त किए गए सोने का वजन लगभग 61.8 किलोग्राम है और इसका मूल्य लगभग 40 करोड़ रुपये है।

विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए, गुवाहाटी में डीआरआई के अधिकारियों ने गुवाहाटी स्थित एक आवासीय परिसर से दो मास्टरमाइंड सहित सिंडिकेट के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया और 22.74 किलोग्राम सोना, 13 लाख रुपये की नकदी, वाहन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया। एक वाहन, जो पहले ही गुवाहाटी से निकल चुका था, को ट्रैक किया गया और गुवाहाटी से लगभग 90 किलोमीटर दूर असम के बारपेटा में रोक लिया गया तथा रोके गए वाहन से 13.28 किलोग्राम तस्करी का सोना बरामद किया गया और अन्य दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर, मुजफ्फरपुर के डीआरआई अधिकारियों ने दरभंगा के पास एक वाहन को रोका और 13.27 किलोग्राम सोना बरामद किया। गोरखपुर में डीआरआई अधिकारियों द्वारा एक अन्य वाहन को रोका गया और 11.79 किलोग्राम विदेशी मूल का सोना बरामद किया गया। इस सिंडिकेट द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली गुप्त खोह वाली अन्य नौ कारों की भी पहचान की गई और उन्हें पटना के डीआरआई अधिकारियों द्वारा बिहार के अररिया में रोका गया।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों से प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि यह सिंडिकेट भारत-म्यांमार भूमि सीमा के माध्यम से कम मात्रा में सोने की तस्करी करता था, उसे गुवाहाटी में इकट्ठा करता था और आगे दिल्ली, जयपुर आदि ले जाता था। डीआरआई ने इस ऑपरेशन में गुवाहाटी में आठ, मुजफ्फरपुर में दो और गोरखपुर में दो लोगों समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

****

एमजी/एआर/एसके

(रिलीज़ आईडी: 2016653) आगंतुक पटल : 122

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu